भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2789

जिसका उत्तर 05 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

कोयला और लिग्नाइट खदानों हेतु स्टार रेटिंग नीति

2789. श्री मनीष जायसवाल:
श्री राधेश्याम राठिया:
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत:
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:
श्री अमर शरदराव काले:
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री रमेश अवस्थी:
श्री मनोज तिवारी:
श्री गोडम नागेश:
श्रीमती अपराजिता सारंगी:
श्री विष्णु दयाल राम:
श्री प्रवीण पटेल:
श्री राहुल सिंह लोधी:
श्री जनार्दन मिश्रा:
श्री अनिल फिरोजिया:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न स्टार रेटिंग में खानों के वितरण सहित कोयला और लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग नीति के कार्यान्वयन में क्या प्रगति हुई है;

(ख) इस नीति के अंतर्गत स्व-मूल्यांकन और सत्यापन प्रक्रिया की सटीकता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) सुरक्षा, पर्यावरणीय कार्य-निष्पादन और सतत खनन पद्धतियों में सुधार करने पर इस नीति का क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) सरकार द्वारा कोयला और लिग्नाइट खदानों में उच्च अनुपालन और सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) नवीनतम मूल्यांकन चक्र के दौरान कोयला और लिग्नाइट खानों के स्व-मूल्यांकन और स्टार रेटिंग की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
कोयला एवं खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) : वित्तीय वर्ष 2018-19 से कोयला और लिग्नाइट खानों के लिए स्टार रेटिंग नीति कार्यान्वित की गई है। नीति के कार्यान्वयन के पहले वर्ष (वित्त वर्ष 2018-19) के दौरान, 357 खानों ने भागीदारी की, जबकि पिछले आकलन वर्ष यानी वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 382 खानों ने भागीदारी की। इसकी शुरूआत के बाद से स्टार रेटिंग का परिणाम अनुलग्नक में संलग्न है।

(ख) : कोयला नियंत्रक संगठन (सीसीओ) द्वारा स्व-मूल्यांकन और बाद में सत्यापन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए, प्रत्येक प्रकार की खान अर्थात् भूमिगत (यूजी), ओपनकास्ट (ओसी) और मिश्रित खानों के लिए स्टार रेटिंग के मूल्यांकन के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल स्थापित किया गया है।

स्टार रेटिंग प्रक्रिया मूल्यांकन के तीन अलग-अलग चरणों के माध्यम से कार्य करती है, सभी वेब पोर्टल के माध्यम से प्रबंधित की जाती हैं। पहले चरण में, संबंधित खान वेब पोर्टल में प्रत्येक मूल्यांकन मापदंड के अनुसार पात्र अंकों को प्राप्त करती है। दूसरे चरण (समीक्षकों द्वारा समीक्षा) के दौरान, प्रत्येक श्रेणी (ओसी खानों, यूजी खानों और मिश्रित खानों में) में उच्चतम स्कोरिंग वाली खानों के 10% को सीसीओ, मुख्यालय द्वारा गठित एक सत्यापन समिति, जिसमें चार सदस्य हैं, द्वारा वास्तविक निरीक्षण के माध्यम से सत्यापन किया जाता है। शेष 90 प्रतिशत खानों को प्रत्येक मूल्यांकन मापदंड के लिए खानों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर क्रॉस-क्षेत्रीय कार्यालयों के सीसीओ अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन सत्यापन किया जाता है। समीक्षा के तीसरे और अंतिम चरण में, सीसीओ, मुख्यालय में नियंत्रक समीक्षा की जाती है। सीसीओ, मुख्यालय में नियंत्रक समीक्षा में आकलन के आधार पर कोयला मंत्रालय द्वारा स्टार रेटिंग का परिणाम घोषित किया जाता है।

(ग) : स्टार रेटिंग नीति सात प्रमुख मापदंडों, अर्थात् खनन प्रचालन, पर्यावरण से संबंधित मापदंड, प्रौद्योगिकियों को अपनाना, सर्वोत्तम खनन पद्धतियों, आर्थिक निष्पादन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, और श्रमिक से संबंधित अनुपालन और सुरक्षा और बचाव के आधार कोयला और लिग्नाइट खानों का मूल्यांकन करती है। इस नीति ने प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया है और भाग लेने वाली खानों के बीच प्रचालन दक्षता, सुरक्षा मानकों, पर्यावरण प्रबंधन, प्रौद्योगिकी अपनाने और जिम्मेदार खनन प्रथाओं में निरंतर सुधार को प्रेरित किया है। यह तथ्य कि स्टार रेटिंग नीति ने कोयला और लिग्नाइट खदानों में सुरक्षा मानकों, पर्यावरणीय

निष्पादन और संधारणीय खनन पद्धतियों में सुधार करने की दिशा में योगदान दिया है, 5-स्टार-रेटेड खानों के परिणामों से स्पष्ट है, जो वर्ष 2018-19 में 8 और 2024-25 में 50 थे। घोषित स्टार-रेटेड खानों का वर्ष-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) : स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और खानों को उनके अनुपालन मानकों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, कोयला मंत्रालय सभी पांच सितारा रेटेड खानों को मान्यता देते हुए प्रत्येक समीक्षा अवधि के दौरान स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह आयोजित करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पुरस्कार समारोह 04 सितंबर, 2025 को मुंबई में आयोजित किया गया।

(ङ) : वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्टार रेटिंग प्रक्रिया 14 जुलाई, 2026 को शुरू की गई। खान मालिकों द्वारा स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2026 है।

अनुबंध

आकलन वर्ष	फाइव स्टार			चार स्टार			तीन स्टार			दो स्टार			एक स्टार			कोई स्टार नहीं			कुल			
	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	ओसी	यूजी	मिश्रित	सभी
2018-19	04	04	0	28	36	02	62	74	03	50	36	06	24	22	05	01	0	0	169	172	16	357
2019-20	11	05	0	19	20	02	59	74	01	51	40	09	38	17	06	04	02	0	182	158	18	358
2020-21	15	05	0	46	24	0	72	73	02	51	37	11	15	12	05	0	02	0	199	153	18	370
2021-22	18	06	0	41	36	0	69	66	03	53	37	08	21	06	05	04	0	0	206	151	16	373
2022-23	33	10	0	52	44	04	69	50	04	36	33	03	21	13	03	05	0	0	216	150	14	380
2023-24	31	11	0	70	30	01	63	69	05	35	30	04	21	04	01	08	0	0	228	144	11	383
2024-25	35	15	0	57	60	03	59	50	03	33	06	03	17	0	0	31	09	01	232	140	10	382

*****